प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 26.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

**************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। रांची की 14 वर्षीय फुटबॉलर अनुष्का कुमारी को भी खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के 20 विजेताओं से बातचीत की। इस अवसर पर बोलते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह दिन साहस, दृढ़ विश्वास और सत्यनिष्ठा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि साहिबजादों का जीवन और आदर्श आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

**************

इधर, झारखंड में भी वीर बाल दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जमशेदपुर में इस मौके पर भाजपा महानगर द्वारा चित्र प्रदर्शनी और विचार गोष्ठी आयोजित की गई। पार्टी की वरिष्ठ नेता गीता कोड़ा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति हुईं और गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को नमन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनके बलिदान और साहस से प्रेरित कर देशभक्ति की भावना जागृत करना था।

**************

गुमला जिले के रायडीह प्रखण्ड स्थित माझाटोली में 29 और 30 दिसंबर को अंतराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम समारोह कार्तिक जतरा का आयोजन किया जायेगा। इसका शुभारंभ जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति विषयक संसदीय समिति के अध्यक्ष फगन सिंह कुलस्ते करेंगे। अगले दिन यानी 30 दिसंबर को कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शामिल होंगी। कार्यक्रम को अंतिम रुप देने में जिला प्रशासन जुटा हुआ है। इस सिलसिले में उपायुक प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने पदाधिकारियों और समारोह के आयोजकों की एक संयुक्त बैठक की।

**************

धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पैंतीस पीएचडी होल्डर सहित यूजी, पीजी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के कुल दो सौ बीस छात्रों को राज्यपाल के हाथों डिग्री प्रदान की गयी। मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राज्य में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं।

**************

राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में पेसा कानून को मंजूरी देने पर हजारीबाग में झामुमो कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने आभार यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए हेमंत सोरेन सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस कानून से अब ग्राम सभाएं जल, जंगल और जमीन से जुड़े विकास कार्य स्वयं तय कर सकेंगी, जिससे ग्राम स्वराज मजबूत होगा।

**************

पूर्वी सिंहभूम में मैट्रिक–इंटर 2026 के बेहतर परिणाम के लिए उपायुक्त ने जनवरी से मॉडल टेस्ट और विशेष अतिरिक्त कक्षाएं शुरू करने का निर्देश दिया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

***************

गुवाहाटी में आयोजित 31वीं राष्ट्रीय जूनियर थांग–ता चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। रांची की कौशिकी सिंह ने रजत पदक जीता, जबकि पलामू के रेहान कादरी और धनबाद की कशिश कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किए। कोच रामस्वरूप हेम्ब्रम के नेतृत्व में राज्य के 14 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था।

**********समाप्त**********